5
अध्याय

सफलता की कहानियाँ (उपलब्धियाँ)

5.1 आयोग ने श्रीमती आबिदा बेगम के पुत्र का पुलिस द्वारा अवैध गिरफ्तारी के संबंध में प्राप्त एक अभ्यावेदन का संज्ञान लिया। मामले में एसएसपी बरेली से रिपोर्ट मांगी गई थी। आयोग द्वारा एसएसपी बरेली द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में याचिकाकर्ता से पूछताछ करने पर याचिकाकर्ता ने आयोग को सूचित किया कि इस मामले में आयोग के हस्तक्षेप के बाद उसके बेटे को पुलिस हिरासत से रिहा कर दिया गया है।

5.2 आयोग ने गाजियाबाद के आला हजरत हज हाउस में एसटीपी प्लांट के निर्माण की आवश्यकता के संबंध में श्री नसीम खान से प्राप्त अभ्यावेदन पर संज्ञान लिया। आयोग के हस्तक्षेप से आला हजरत हज हाउस में एसटीपी प्लांट का निर्माण किया गया।

5.3 आयोग ने आईटीबीपी द्वारा श्री अहत्सम–उल हक के मानसिक प्रताड़ना, गलत सजा, सत्यनिष्ठा के सवाल, गंभीर धमकी और वित्तीय नुकसान आदि का आरोप लगाते हुए दिनांक 30.08.2020 के अभ्यावेदन का संज्ञान लिया। आयोग ने इस मामले में 18.01.2021 को सुनवाई की। आयोग के हस्तक्षेप के आधार पर, डीजी, आईटीबीपी ने याचिकाकर्ता की शिकायतों के समाधान के लिए और भविष्य में उसे परेशान नहीं करने का आश्वासन दिया। याचिकाकर्ता जवाब से संतुष्ट था।